कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री बाबूलाल पुत्र रणजीता प्रजापत ग्रा0 पो0 भांवता, तहसील बसवा, जिला दौसा (राज0)– 303325

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील सं0 67/2017

<u>निर्णय</u> दिनांक 14.12.2017

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई जिला दौसा को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई जिला दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/ सूंचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई जिला दौसा से निर्धारित अवधि में वॉछित रिपोर्ट प्राप्त नहीं होने पर पुनः इस कार्यालय पत्रांक 6067 दिनांक 04.12.17 द्वारा स्मरण–पत्र जारी किया गया। तदनुसार उपखण्ड अधिकारी, बांदीकुई के पत्र कमांकः आर0टी0आई0/2017/1868 दिनांक 27.11.2017 द्वारा अवगत कराया कि उनके पत्र कमांकः आरटीआई/2017/1637 दिनांक 25.10.2017 द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। साथ ही उन्होनें यह भी अंकित किया है कि उप तहसीलदार, बॉदीकुई द्वारा ओवेदक को सूचना उपलब्ध करवादी गई है। पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना/नकल उपलब्ध करवादी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा